Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)


(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-04-2022 | अंक 189

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय



**डॉ अनिल कुमार**

क्या कर्ज में डूबी भारत के राज्यो की हालत खतरे की घंटी है ?

आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था कर्ज में डुबी हुई है। कई राज्यों का कर्ज तो कई लाख करोडों में है,चाहे वो आप ,बीजेपी,या कांग्रेस शासित राज्य हों। मुफ्त राशन,कर्ज माफी और मुफ्त बिजली पानी ने राज्यों को कर्ज के ऐसे दलदल में धकेल दिया है जहाँ से उबरने के रास्ता नही है,क्योंकि चुनाव जीतने के लिए ऐसी कर्ज माफी और रियायत की घोषणा करना सभी दलों की मजबूरी है ,लेकिन क्या हम रोजगार की जगह मुफ्त राशन दे कर ,मुफ्त बिजली पानी दे कर देश के संसाधनों को बर्बाद नही कर रहे हैं ? सरकार अपने घाटे की पूर्ति टैक्स बढ़ा कर,डीज़ल पेट्रोल,रसोई गैस की कीमत बढ़ा कर भरपाई करेगी।और कोई रास्ता बचता भी नही है।तो फिर महंगाई बढ़ेगी ही,तो फिर जनता क्यों हाय – तौबा मचाती है ? अगर हम तात्कालिक राजनीतिक फायदे के लिए कर्ज माफी और मुफ्तखोरी की प्रवृत्ति से निजात नहीं पा सके तो कोई आश्चर्य नहीं होगा कि हमारे देश की हालत भी श्रीलंका जैसी हो जाएगी जो आज कर्ज में इस कदर डूब गया है कि वहाँ महंगाई आसमान छूने लगी और आपातकाल लगाना पड़ गया है।

# जन जागरण केंद्र ने कारिमाटी में चलाई स्वच्छता जागरूकता अभियान , कुँआ, नाली नाला की सफाई

## 100 बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं 22 सफाई मित्रो के बीच राशन पैकेट का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

जन जागरण केंद्र बरही की ओर से गूंज संस्था के सहयोग से पंचमधव पंचायत के कारीमाटी गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जन जागरण केंद्र के केंद्र समन्वयक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने किया। अभियान की शुरुआत मंगलवार को स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। जिसके तहत गांव के सारे कुंवे, नाली, नाला, सोलर टंकी के आस पास एवं विद्यालय परिसर की साफ सफाई ग्रामीणों को जागरूक करते हुए श्रमदान से किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता का जीवन मे महत्व से अवगत कराया गया। समन्वयक शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने कहा कि कुँवा की सफाई समय समय पर करते रहने से जीवाणु, कीटाणु का प्रभाव कम हो जाता है। नाली की सफाई होने से मच्छरों का प्रकोप कम हो जता है। तरह तरह की बीमारियों से निजात मिलती है। जिसके बचाव के लिए सफाई पर ध्यान देना जरूरी है। अभियान के तहत बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 100 बच्चो के बीच स्कूल बैग कलम क०पी का वितरण किया गया।। वही 22 सफाई मित्रों बीच राशन पैकेट का भी वितरण किया गया। राशन पैकेट के मध्यान से चावल, दाल, आता सहित अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। उक्त सामग्री गूंज संस्था के वितीय सहयोग से की गई। आभियांन को सफल बनाने में शैलेन्द्र कुमार सिंह, हर्ष चौरसिया, राजू राणा, बिनोद प्रसाद, विनय कुमार,संतोष यादव, मंदोदरी देवी, ईश्वर कुमार, ब्रह्मदेव यादव विजय रण्य,, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, पार्वती देवी, रंजू देवी, कलवा देवी, बिनोद यादव ने सहयोग किया।



सफाई मित्रों के बीच राशन कीट का वितरण करते शैलेन्द्र कुमार सिंह



## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

चौपारण प्रखंड अंतर्गत मानगढ़ निवासी तौफीक राय की पत्नी रूही खातून उम्र 50 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला अपने पति के साथ चौपारण से हजारीबाग जा रहे थे इसी क्रम में पदमा ओपी के समीप एक अज्ञात कार में उन्हे अपने चपेट में ले लिया। जिससे महिला घायल हो गई। वहीं घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।



## दीवार गिरने से 5 वर्षीय संजना हुई घायल

बरही थाना अंतर्गत बाराटांड निवासी संजना कुमारी उम्र 6 वर्ष पिता राजेश रविदास दीवार गिरने से घायल हो गई। वहीं आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।



## पदमा में मनाया गया श्यामा प्रसाद मुखजह्न एवं दीनदयाल उपाध्याय जी का मनाया गया जन्मदिन



**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन रात मेहता**

पदमा प्रखंड अंतर्गत सुरेश यादव के होटल में बाबूलाल मेहता के अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर नारायण यादव, प्रखंड महामंत्री रामानंद गिरी, बुधन साव, भरत पांडेय, राजकुमार मेहता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बरही डीह में आयोजित महायज्ञ में पंचायत मुखिया सह प्रधान ने किया भक्ति जागरण की व्यवस्था

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही डीह देवी मंडप के प्रांगण में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा बरही में भक्ति की बयार बह रही है। इसी बीच बीते रटी यज्ञ समिति और ग्रामीणों की मांग पर बरही पश्चिमी पंचायत मुखिया सह प्रधान मनोरमा देवी के द्वारा भक्ति जागरण की व्यवस्था कराई गई। भक्ति जागरण के लिए भक्ति जागरण गायिका रौशनी राजधानी को बुलाया गया था। गायिका रौशनी की भक्ति जागरण की प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालू भाव विभोर हो गए। ग्रामीणों ने देर रात्रि तक संगीत का आनंद लिए और महिला पुरुष खुब झुमे। कार्यक्रम का आयोजन मे समिति ने संयुक्त रूप से उद्धाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष नागेश्वर केशरी, सचिव देवधारी प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजु राणा , अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, राज सिंह चौहान ,उपाध्यक्ष कैलाशपति सिंह ,रमेश ठाकुर ,कृपाल राणा ,भोली पासवान, राजकुमार केशरी, लखन सिंह, मुकेश सिंह ,छोटु सिंह, केदार ठाकुर ,महेन्द्र सिंह ,दिनु प्रजा. पति ,पिंटु ठाकुर, लोकेश ठाकुर, जीतु ठाकुर सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उप. स्थित हुए



भक्ति जागरण कार्यक्रम में मुखिया मनोरमा देवी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हाई स्कूल बारियठ्ठा के छात्र एवं छात्राओं ने अपने गुरुजनों का लिया आर्शीवद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के बरियठा में संचालित हाई स्कूल के बच्चो ने अंतिम रूप से विद्यालय पहुंचकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। बच्चे अपने स्कूली जीवन के हर उन पलों को याद किए। जिसे वे अपने विद्यालय में अपने सहपाठियों और गुरुजनों के साथ बिताए थे। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की आपलोग की तैयारी बेहतर है, आप सभी खुद पर विश्वास रखे और आप अपने ऊपर कभी तनाव आने ना दे। परीक्षा तो जीवन का एक छोटा सा हिस्सा होता है। उन्होंने कहा की जिस प्रकार एक किसान पूरा वर्ष अपने खेत में अथक परिश्रम करते हुए मेहनत करते है, ठीक उसी प्रकार आप सब भी अथक परिश्रम किए है और परीक्षा को उत्सव में लिखना है। उप प्रधानाध्यापक श्यामलाल यादव ने बच्चो को टिप्स देते हुए बताया कि आप सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और परीक्षा दे। आप सभी की तैयारी बेहतर है मुझे पूर्ण विश्वास है की आपका परिणाम भी बेहतर होगा

## वार्ड सदस्या समरी देवी के बड़े पुत्र रामेश्वर दास के निधन से गांव में मातम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत अंतर्गत कसियाटांड़ के वार्ड सदस्या समरी देवी के बड़े बेटा रामेश्वर रविदास का बीते दिन निधन हो गया। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार मृतक का इलाज रांची में चल रहा था जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। वहीं युवा समाजसेवी और एआईएमआई एम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संतप्त किया। साथ ही उन्होंने मृतक के आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर संजय रविदास, नागेश्वर रविदास, बिनोद रविदास, जिबलाल रविदास, दामोदर दास, राजू मिर्धा, शंकर दास, मुकेश रविदास सहित दर्जोनो लोग मौजूद थे।




## बरकट्ठा के बसरामो में दुर्गा प्रतिमा का अनावरण

### पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने किया उद्घाटन



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : प्रखंड के गैडा पंचायत अंतर्गत ग्राम बसरामो स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के उपर बने मां दुर्गा कि प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि जानकी प्रसाद यादव ने विधिवत फिता काटकर प्रतिमा अनावरण का उद्घाटन किया।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा भाग दौड़ कि जिंदगी में लोगों को समय निकालकर पूजा अर्चना में भाग लेना चाहिए। पूजा पाठ से मन को शांति मिलती है। मौके पर मुखिया बसंती देवी, अमरदीप पांडेय, भोला राम, दुर्गा प्रसाद चौधरी, महावीर यादव, किशोर मोदी, मनोज यादव, बैजनाथ यादव, भीखन यादव, मनोज यादव, पप्पू पांडेय, रामसहाय यादव, राजेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, सुरेश यादव, नकुलदेव प्रसाद बाल्मीकि पासवान, पंकज पांडेय समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**



Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL

CHILDREN PROGRESSIVE SCHOOL PURHARA
विद्या ददाति विनयम्

Based on C.B.S.E & J.A.C Both Curriculum
CLASS : Nusery to VIIIth.
For Children's bright future.
(बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए)

नामांकन जारी है।

Our facilities :-

- नवोदय, नेतरहाट एवं सैनिक स्कूल की तैयारी।
- योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा कक्षा का संचालन।
- बच्चों को अंग्रेजी भाषा पर विशेष ध्यान।
- कमजोर बच्चों पर अलग से विशेष ध्यान।
- संगीत, नृत्य एवं खेल कूद की व्यवस्था।
- व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान।
- कम्प्यूटर एवं आतायात की सुविधा।
- गरीब,असहाय एवं कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए नि: शुल्क शिक्षा की व्यवस्था।

इधर बच्चों की कुछ तस्वीर डाला दीजयेगा। (स्कूल जाने की अवस्था में)

Note: हमारे यहाँ कक्षा IXth और Xth का अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तयारी करवाई जाती है।

Smart Classes की सुविधा।

AT – PURHARA (BAIRISAL) BARHI, HAZARIBAG (JHARKHAND)
Mob. 9973278122, 9199197021

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
## कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!



सोच हमारी
विकास आपका

कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

## कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कांटी मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच किया गया बैग वितरण

### बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें अभिभावक – रमेश प्रसाद

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



प्रखंड के कांटी मध्य विद्यालय में झारखंड सरकार द्वारा आवंटित 300 स्कूली बैग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया रमेश प्रसाद ने विद्यालय के बच्चों के बीच बैग का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने गरीब बच्चों को बैग देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे नियमित विद्यालय आकर अध्यन करें। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह, द्वारिका प्रसाद, नारायण प्रसाद, उप मुखिया संजय कुमार यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रिंकी देवी, उपाध्यक्ष अवध किशोर यादव, मृत्युंजय कुमार पांडेय, लक्ष्मण पांडेय, जिबलाल पंडित, बालेश्वर पंडित, अशोक पंडित, अनीता देवी, आदि मौजूद थे।

## कोडरमा प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई भाजपा का 42 वां स्थापना

### भाजपा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है – रामचंद्र सिंह

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**



भारतीय जनता पार्टी प्रखंड इकाई कोडरमा द्वारा झुमरी पंचायत के अनंत गंगा ज्ञान में भाजपा के 42 वां स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व संचालन वीरेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम से बतौर मुख्य अतिथि जनसंघ काल से पार्टी को सींचने वाले वरिष्ठ नेता वनमाली राम उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वनमाली राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनसंघ काल से लेकर आज तक देश हित समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना 6 अप्रैल 1980 से अब तक अपनी नीतियों पर कायम रह कर राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नि. स्वार्थ भाव से पार्टी और देश के प्रति समर्पित रहते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र सिंह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मुख्य सिद्धांत पर चलकर आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत की संप्रभुता को स्थापित करने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने जनसंघ काल से कार्य कर रहे वनमाली राम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बनमाली राम का जन्म 1932 मे गिरिडीह जिला के खरकडिहा गांव में हुआ था। सन 1957 में अम्बाला में आयोजित जनसंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे बिहार से 18 व्यक्ति गए थे। उस समय छोटानागपुर संथाल परगना से एकमात्र प्रतिनिधि वनमाली जी अधिवेशन में भाग लिए थे। जन संघ का गठन 1960 में कोडरमा मे किए गठन के समय कृष्ण लाल सराफ, बृजमोहन कप्स. ीमे, नंदकिशोर प्रसाद, बंशी सिंह, भिखूमल मोदी यदि के साथ मिलकर कोडरमा में जन संघ का गठन किए। 1967, 1969 तथा 1972 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में स्वर्गीय सुखदेव यादव को उम्मीदवार बनाकर चुनाव लड़ा गया। 1972 में बांग्लादेश को मान्यता दिलाने के लिए दिल्ली में पाकिस्तान दूतावास पर प्रदर्शन के क्रम मे गिरफ्तार हुए मुनीलाल कपशिमे, बंशी सिंह, सुखदेव यादव, किशन लाल सराफ, यदि के साथ तिहाड़ जेल में एक सप्ताह तक रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आधारशिला रखने में आदरणीय वनमाली जी का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है आज वनमाली जी के त्याग और तपस्या से ही भारतीय जनता पार्टी में दूसरे दल से लोग सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने के पहले प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर प्रभात फेरी करते हुए भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने वनमाली जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही दीर्घायु की कामना की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यक्रम में शामिल होने से कोडरमा प्रखंड के सभी कार्यकर्ता अपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष जूही दासगुप्ता ने वनमाली जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना का उद्देश्य मानव सेवा करना है। कार्यकर्ता के अंदर त्याग की भावना होती है। इसी के कारण पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है। कार्यक्रम को मा. निकचंद सेठ, जिला मंत्री बैजनाथ यादव ने भी संबो. धित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिन्हा, सुरेंद्र राजवंशी, प्रखंड उपाध्यक्ष भगवान दास साहू, दीप नारायण सिंह, महामंत्री मुकेश मंडल, बैजनाथ यादव, प्रखंड मंत्री ब्रह्मदेव यादव, राजेश यादव, वीरेंद्र यादव, नकुल यादव, किसान मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिरधारी साव, अनुसूचित जाति के मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार रजक, दिनेश यादव, भीम यादव, रंजीत यादव, रोहित चंद्रा, कुलदीप राणा, बुलाकी यादव, पंकज यादव, मंटू महतो, टेकलाल मंडल, उमेश यादव, गणेश यादव, सूरज कुमार मोदी, प्रभु नारायण यादव, सकलदेव यादव, गणेश कुमार, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उप. स्थित थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा के 42वें स्थापना दिवस कान्हाचट्टी के भाजपाइयों ने मनाया

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला प्रभात फेरी,और भाजपा के उपलब्धि को बताया

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



भाजपा ने बुधवार को पूरे धूम धाम से 42वां स्थापना दिवस मनाया।इसी कड़ी में मंडल कान्हाचट्टी में आज शिशु विद्या मंदिर (कन्हाचट्टी) के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी के 42 वा स्थापना दिवस मनाया। वहीं स्थापना दिवस के अवसर पर शोभायात्रा एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना। भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा की जनसंघ के बाद 1980 के दशक में स्थापित भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों व रीति–नीति पर चलते पूरे देश में मजबूत हुई। तथा पार्टी को भारत के सबसे बडी राजनै. तिक दल के रूप में पहचान मिली है। कार्यकर्ता पार्टी के सिपाही हैं। पार्टी के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करना हम सब का कर्तव्य है। भाजपा अंत्योदय की विचारधारा पर चलती है। जिसका मूल आधार पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद है। इ सबको नीचे स्तर तक पहुंचना होगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह ने कहा सभी को स्थापना दिवस पर संकल्प लेना होगा कि सभी कार्यकर्ताओं व पदा. धिकारी एकजुट रहकर पार्टी के हित में कार्य करते रहेंगे। इस दौरान ग्रामीणों को राज्य व केंद्र सरकार की तरफ से चल रही योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने की अपील की।उसके बाद भा. जपा के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर पार्टी के झंडा लगाया।इस मौके पर प्रखंड सह संयोजक प्रमोद तिवारी, मंडल महामंत्री शंकर दयाल सिंह, उपाध्यक्ष जमुना साहू , युवा नेता अवधेश सिंह (गुजुन),मीडिया प्रभारी प्रिंस



केसरी, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा मंत्री कमांडो रजत ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राणा, ओबीसी मोर्चा प्रखंड महामंत्री पप्पू विश्वकर्मा, संतोष कुमार, नीरज, रो. हित, नितेश, पेलतौल में राजकुमार सिंह,गौतम सिंह,मुकेश पांडेय एवं अने. कों कार्यकर्ता आदि उप. स्थित थे।

## बैजनाथ चंद्रवंशी ने कभी सिद्धांत के साथ समझौता नहीं किया : महावीर लाल विश्वकर्मा'

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग : आज दिनांक 6 अप्रैल 2022 बड़ा बाजार जैन मंदिर के पास हजारीबाग में स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद चंद्रवंशी जी की 11 वीं पुण्यतिथि मनाई गई उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर हजारीबाग के सैकड़ों गणमान्य लोगों श्रद्धांजलि दिया। पंडित ओम प्रकाश द्वारा शांति पाठ कराया गया। बैजनाथ प्रसाद चंद्रवंशी अपने जीवन काल में विभिन्न सामाजिक और रा. जनीतिक पदों पर रहे।संघ की नगर संघचालक, चंद्रवंशी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री, दवा विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष, भारत तिब्बत मैत्री संघ के जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पर रहे।इस अवसर पर पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि बैजनाथ प्रसाद जी के साथ मुझे सामाजिक और राजनीतिक दोनों क्षेत्र में काम करने का मौका मिला पर वह कभी अपने सिद्धांत से समझौता नहीं किए वह स्पष्टवादी पुरुष थे। 1988 में रामनवमी जुलूस मार्ग के आंदोलन में मुख्य भूमिक निभाए थे और जेल भी गए थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से डॉक्टर अरविंद, गुरुकुल के निर्देशक जय प्रकाश जैन,सुदेश कुमार चंद्रवंशी, अजीत चंद्रवंशी,रविंद्र लाल, कमला देवी,ममता देवी,अरुण कुमार वर्मा, सीताराम साहू, मोहित वर्मा, अभिनव वर्मा, महेंद्र वर्मा, रविंद्र प्रसाद, शैलेश चंद्रवंशी, रामप्रवेश ठाकुर, गणेश वर्मा सीटू, विजय वर्मा, महेंद्र बिहारी, अरुण सिंह, राकेश वर्मा, शिवम सिंह, दुर्गा राम चंद्रवंशी, विजय राम चंद्रवंशी,राजन वर्मा, वीरेंद्र कुमार वीरू, राम सिंह, अनिल कुमार सिंह, उपेंद्र सिन्हा, हितेश रंजन,जितेंद्र जैन, अतिसय जैन, तरुण गुप्ता,अमरदीप कुमार,सुरेश कुमार,श्याम किशोर प्रसाद,बबलू चंद्रवंशी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।




## जय श्रीराम के उदघोष से गूँजा चौपारण, शोभायात्रा निकाल भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

### भाजपा के रंग में रंग चुका है देश, भाजपा ही एक मात्र विकल्प : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





भारतीय जनता पार्टी के 42वें स्थापना दिवस पर चौपारण में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम कि अगुवाई भा. जपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने व संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव ने किया। शोभायात्रा चतरा मोड़ से शुरू होकर केंदुआ मोड़ तक गया । शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल भा. जपा नेताओं ने हाथ मे भगवा व भाजपा झंडा लेकर चल रहे थे। इस दौरान पूरा चौपारण चट्टी जय श्री राम के उदघोष से गूंज उठा। भाजपा कार्यालय चौपारण में एकत्रित होकर भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा आज देश नही बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गया है। पूरा देश आज भाजपा के रंग में रंग गया है । कहा भाजपा का कोई विकल्प नही है। कार्यक्रम समाप्ती के बाद सभी भा. जपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम में विधान सभा सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पा. सवान, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, सुनील सिंह, भा. जपा नेता गजाधर प्रसाद, भरत सिंह सुरेश साहू, महामंत्री कृष्णा साव, आशीष सिंह बालेश्वर साव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, आशीष गुप्ता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव व बिनोद यादव, भाजपा उपाध्यक्ष बिरेंद्र रजक, योगेश सिह, मनीष सिन्हा, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, अजा मोर्चा अध्यक्ष विकास रजक किसान मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जन्मेजय सिंह, युवा नेता राकेश रंजन, राजेश गुप्ता, सहदेव यादव, सुदीप सिंह, जगजीत साव उर्फ गौरी, अजीत सिंह, अशोक ठाकुर, पिंटू सोनी, कपिल यादव, मनोज यादव, मनोज सिंह, दया सिंह, मुकेश सिंह, मंटू सिंह, मुखिया पप्पू रजक, नरेश पासवान, अशोक केसरी उपेंद्र रविदास, कृष्णा पा. सवान, विनोद साहू, हेम. राज साव, उपेंद्र प्रजापति, अंकित हर्षवर्धन, प्रमोद सिंह, राजकुमार सिंह, रंजीत सिंह, ओमकार सिंह, कैलाश पांडेय, देवकुमार दाँगी, सुखदेव साव, जनार्धन सिंह, उमेश रविदास, विजय भुइयाँ, कृ ष्णा रविदास, भुनेश्वर यादव उर्फ पहलवान जी, संतोष रविदास समेत सैकड़ों भाजपाई उपस्थित हुए

## आदिवासी छात्र संघ विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



भव्य सरना धर्म यात्रा को हजारीबाग बिरसा चौक में सभी धर्म अगुवा व पाहन को माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया , किरण मुंडा ने कहा (केन्द्रीय सचिव) केंद्रीय आदिवासी सरना प्रा. र्थना सभा जय सरना ट्रस्ट के माध्यम से आज दिनांक 06/04/2022 को धर्मअडा पत्थलकुदवा सरना स्थल, प्रखंड –कटकमसांडी जिला –हजारीबाग से केंद्रीय अध्यक्ष धर्मगुरु श्री कृष्णा उरांव के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी तिसरी बार यात्रा 15 दिनों के लिए निकाला गया। तत्पश्चात मुख्य पहान महावीर उरांव व मंगल उरांव ने फिता काटकर शुभारंभ यात्रा गाड़ी को सरना झंडा दिखाकर रवाना किया। यात्रा (कोयलांचल क्षेत्र रामगढ़ ) के जय सरना ट्रस्ट, केंद्रीय सचिव धरम अगुआ सुश्री किरण मुंडा के अगुवाई में निकला गया है। यात्रा का उद्देश्य – है 1. नशामुक्त व शिक्षित समाज का निर्माण 2. सरना धर्म आदिवासी जागरूकता अभियान।3. अनुसुचित जनजाति आदिवासी समाज को नई दिशा व उन्नती ,कुप्रथा जैसी उलझनों से मुक्त कर , गांव – गांव मे भ्रमण कर शिक्षा विभाग में जोड़ना व जागरूक कर(जय सरना ट्रस्ट ) के माध्यम से सहायता करना। हजारीबाग में VBU हजारीबाग के ACS के अध्यक्ष विकी कुमार धान व संत कोलंबस क०लेज समिति अध्यक्ष राहुल वान्डो जी द्वारा भव्य रूप से सरना धर्म यात्रा को ,भग. वान बिरसा मुंडा को मालाअर्पण कर स्वागत किया गया।

APEM
LIVE

## मनरेगा एवं आवास के समीक्षा बैठक में बी डी ओ ने दिया निर्देश

### आवास योजना के कार्यो में तेजी लाएं लाभुक

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रखण्ड कार्यालय के सभा कक्ष में बुधवार को मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो एवं संचालन प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी निरजंन सिंह ने किया।बैठक में सभी पंचायत के पंचायत सेवक,रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता उपस्थित हुए।बैठक में उपस्थित रा. जगार सेवकों को बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि मनरेगा योजना के नि. बंधित मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा काम उपलब्ध कराया जाए ताकि निबंधित मनरेगा मजदूर पलायन न कर सकें वहीं जो कार्य पहले से चल रहा है और कार्य लगभग पूर्ण हो गया है तो वैसे योजनाओं का मेजरमेन्ट करते हुए योजना को बंद करें।तथा पंचायत सेवको को कहा गया कि जिन लाभुकों के खाते में आवास योजना की राशि जा चुका है वें जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करें।लाभूको को भी उन्होंने निर्देश दिया है कि आवास योजना में जिनका पैसा गया है वे जल्द कार्य को करे दीवाल पूर्ण कर अगली क़िस्त के लिए आवेदन करें जल्द अगली क़िस्त भेजी जाएगी।मौके पर जे ई शिव कुमार दास,रोजगार सेवक सत्येन्द्र वर्मा,गोदावरी कुमारी,मनोज सिंह,नवीन तिर्की,सहित सभी पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ खि़लाही नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, पूर्व विधायक हुए शामिल

### यज्ञ आयोजन से गांव में सुख चौन व शान्ती का माहौल बना रहता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





झापा पंचायत के खि़लाही, बेढना में शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुवा। कलश यात्रा में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। नव निर्मित शिव मंदिर से कलश यात्रा बेढना होते नवादा स्थित कोयला नदी तक पहुँचा। यज्ञाचार्य दिवाकर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरणी का कार्य सम्पन्न कराया। 551 कलश धरियो के साथ निकला कलश यात्रा में भगवान के जीवंत झांकियां आकर्षक का केंद्र बना हुआ था। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से आसपास के क्षेत्र में अमन चौन व सुख शान्ती का माहौल बना रहता है। भगवान की कृपा गांव सहित आसपास के गांव के लोगों पर बना रहा है। पूर्व विधायक ने कामना किया कि खि़लाही गांव पर भगवान शिव की कृपा सदैव बना रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष राजेंद्र साव, सचिव बिरेन्द्र साव, कोषाध्यक्ष कैलाश साव आदि ने बताया कि प्रति संध्या अयोध्या से आई प्रवचन कर्ता सुश्री बिना मिश्रा अपनी मधुर वाणी से भगवान की कथा सुनायेगी। यज्ञ सफल बनाने में उपाध्यक्ष गणपत साव, निगरानी समिति शशि कुमार सिंह, पंकज पाण्डेय, सरंक्षक मुकुंद साव, ब्रह्मदेव सिंह, सदस्य सुरेंद्र पांडेय, राकेश रंजन, बिनोद सिंह, अंजान सिंह, श्रीकांत शेखर, विश्वनातग साव, कामदेव ठाकुर, राजू सिंह, मनोज सिंह, राम्ब्रिसझ राणा, अनिरुद्ध राणा, बिरेन्द् पन्द्वय, उमेश नाथा पांडेय, दसरथ साव महती भूमिका निभा रहे है। कलश यात्रा में भोजपुरी गायक जन्मजेय सिंह, बच्छई मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक, सहदेव प्रसाद यादव, सुशील साव सहित अन्य।

## दो मंजिला मकान एवं दुकान में लगी आग 94 वर्षीय महादेव साव की हुई मौत

### एसएसआई शशिकांत ठाकुर ने सीढ़ियों के सहारे जान पर खेलकर बचाई सात वर्षीय वासू की जान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



चतरा रुशहर के व्यस्तम इलाका मेन रोड के गुदरी बाजार में बुधवार अहले सुबह तीन बजे के करीब दो मंजिला मकान एव मकान में मौजूद दो दुक. ानों में आग लगने से अफ़रा तफरी माहौल बन गया ।बताया जाता है शार्ट सर्किट के कारण मकान बुधवार को तीन बजे सुबह ही सुलगने लगा ।वही आग का स्वरूप बढ़ते बढ़ते पुरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया ।इस दौरान मकान में मौजूद सदस्यो में 94 वर्षीय महादेव साव की दम घुटने से मौत हो गई ।वही सात वर्षीय बच्ची वासू कुमारी बुरी तरह जख्मी हो गई जख्मी बच्ची का इलाज हजारीबाग में किया जा रहा है।

**बच्ची की जान बचाने में एएसआई ने दिखाई हिम्मत**

आग लगने की सूचना पाकर सदर थाना के एएसआई शशिकांत ठाकुर हिम्मत दिखाते हुए सीढियो के सहारे जलते हुए दो मंजिला के अंदर प्रवेश के आग की चपेट में आई सात वर्षीय बच्ची वासू कुमारी को बाहर निकाला जिसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है वही मिली जानकारी के अनुसार बच्ची खतरे से बाहर बताई जा रही है। वही एएसआई शशिकांत ठाकुर के द्वारा बच्ची को आग की लपटों से बाहर निकालने की चौतरफा प्रशंसा हो रही है।

**घटना में मकान में मौजूद सदस्य 94 वर्षीय वृद्ध की हुई मौत**

दो मंजिला मकान में आग लगने की इस घटना में लगी मकान में मौजूद सबसे बुजुर्ग सदस्य 94 वर्षीय महादेव साव बुरी तरह बेहोश गए ।जिन्हें चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । बताया जाता है कि मकान में आग लगने के दौरान उनका दम घुट जाने के कारण वृद्ध महादेव साव की जान पर बन पाई जिससे उनकी मौत हो गई।

**चार भाई रह रहे थे दो मंजिला मकान में**

दो मंजिला मकान में कुल चार भाई रह रहे थे जो सभी शादी शुदा है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब बीस सदस्यो का भरा पुरा परिवार मकान में रह रहा था। भाइयो में अशोक ,सन्तन,सुधीर एवं सुरेंद्र शामिल है जो आग की चपेट में आने से आंशिक रूप से जले है। मकान में आग लगने के कारण परिवार के सदस्यों ने किसी तरह अपनी जान बचाई ।

**मकान के नीचे अवस्थित थी दो दुकाने दुकान का सारा सामान जल कर हुआ राख**

कान्हाचट्टी/ चतरा : दो मंजिला मकान के निचे दो दुकाने चल रही थी जिसमे एक होल सेल की दुकान थी ओर एक रिटेलर दुकान ।वासू इंटरप्राइजेज होल सेल की दुकान थी यह दुकान सुधीर केशरी ,एवं चन्दन केशरी की बताई जाती है जिसमे इंजन तेल समेत विभिन्न कमपनियो का तेल होल सेल में बेचा जाता था आग लगने से करीब 70 लाख का नुकसान हुआ है। वही अशोक केशरी के झारखंड किराना भंडार में आग लगने से करीब 20 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।



**घटना के बाद पाँच घण्टे तक आवागमन हुआ अस्त व्यस्त**

मेन रोड के गुदरी बाजार में आग लगने की घटना के करीब पांच घण्टे तक आवागमन बाधित सा दिखा पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से राहगीरो एवं दो पहिया एव चार पहिया वाहन को सुरक्षा के कारण दूसरे मार्ग से जाने का निर्देश रही थी ।मकान कि आग को बुझाने के बाद यातायात पांच घण्टे के बाद सामान्य हो गया ।वही घटना स्थल पर चतरा एसपी राकेश रंजन ,सदर एसडीओ मुमताज अंसारी ,एसडीपीओ अविनाश कुमार ,एव थाना प्रभारी लव कुमार स्थिति सामान्य होने तक डटे रहे ।

## पिहरा पुलिस पिकेट में चल रहे निर्माण कार्य मे घटिया मटेरियल प्रयोग का आरोप, आक्रोश

### कम कीमत वाले घटिया सीमेंट, बालू, ईट और छड़ का हो रहा इस्तेमाल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पुलिस पिकेट में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमे भारी अनियमितता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि उक्त निर्माण कार्य में कम कीमत वाले घटिया सीमेंट, ईंट, बालू और छड़ का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही पिलर निर्माण में आवश्यकता के अनुरूप काफी पतले छड़ का प्रयोग भी किया जा रहा है। उक्त स्थल पर काम कर रहे मिस्त्री उमेश पंडित ने बताया कि जिस समय मटेरियल गिराया जा रहा था उसी समय हमने विरोध किया लेकिन इसके बावजूद भी कोई सुधार नही किया गया तो मैं क्या कर सकता हूँ मुझे जैसा कहा जा रहा है वैसा काम मैं कर रहा हूं। पिहरा पुलिस पिकेट प्रभारी लाली राम ने बताया कि निर्माण कार्य मे घटिया मटेरियल प्रयोग किये जाने की सूचना शुरुआत में ही गावां थाना प्रभारी को दिया गया और वो खुद यहां आकर कर निरीक्षण भी किये लेकिन कोई सुधार देखने को नही मिला। थाना प्रभारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम अपने स्तर से बात कर के देखते है। निर्माण कार्य स्थल पर काम कर रहे मिस्त्री या ठेकेदार के पास निर्माण कार्य का कोई एस्टीमेट भी नही है, वे मनमानी ढंग से जैसे तैसे काम किये जा रहे है। इस संबंध में पेटी क०र्डिनेटर संजय कुमार का कहना है निर्माण कार्य मे पतले छड़ का प्रयोग कैसे किया गया ये मेरे संज्ञान में नही है। इसके आगे वह और कोई भी जानकारी देने से साफ इंकार किया है। अब सोंचने की बात ये है कि जिस पुलिस जवान के सुरक्षा के बीच हम चौन की नींद सोते है उन्ही की सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे भवन निर्माण कार्य मे भी इस तरह की अनियमितता बरती जाए तो अनुमान लगाया जा सकता है कि भ्रष्टाचारियों का हौसला कितना अधिक बढ़ा हुआ है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## कान्हाचट्टी अस्पताल का हाल
### बगैर पैसे की नवजात बच्चों को नहीं मिलता है बी सी जी का टीका

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**






सरकार भले ही स्वास्थ्य विभाग पर करोड़ों अरबों रुपए खर्च कर रही है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित कर्मी व अफसर स्वास्थ्य विभाग के नाम पर जमकर लूट मचाने में मशगूल हैं। लूट भी ऐसी की बच्चे की जन्म प्रमाण पत्र में भी जमकर वसूली की जा रही है, इतना ही नहीं पैसे नहीं देने के कारण जन्मजात बच्चे को जो जन्म से 24 घंटे के अंदर बी सी जी का टीका मिलता है वैसा टीका भी पैसा नहीं देने के कारण एन एम नहीं लगा रही है। ऐसा ही एक मामला कन्हाचट्टी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में आया है। बताते चलें कि सिमराडीह गांव निवासी कलीम अंसारी पतोहू सलमा खातून पति इब्राहिम अंसारी को 25 मार्च को बच्चे को जन्म दी। स्वास्थ्य केंद्र कान्हाचट्टी में बच्चे के जन्म के 14 दिनों के बाद तक भी बच्चे को बी सी जी का टीका नहीं लगाया गया। इतना ही नहीं बच्चे के अभिभावक को अस्पताल से किसी तरह का भी डिस्चार्ज पेपर भी नहीं सौंपा गया। इसकी जानकारी तब हुई जब एन एम सुलेखा कुमारी एवं पुष्पा कुमारी वन ने बच्चे के अभिभावक से पैसे की मांग की, बच्चे के अभिभावक कलीम अंसारी ने बताया कि 13 से 14 सौ रुपये की मांग उक्त दोनों एन एम के द्वारा किया गया था।जिसके बाद मैंने गिड़गिड़ाते हुए 400 रुपैया दिया और कहा कि मैं एक गरीब आदमी हूं और इससे ज्यादा पैसा नहीं दे सकता हूं ।हालांकि उस समय अस्पताल से छुट्टी कर दी लेकिन सबसे मजे की बात यह है कि एन एम के कुछ गुर्गे उक्त बच्चे के परिजन के यहां पैसे के लिए पहुंच गए ।बच्चे के परिजन कलीम ने कहा कि दो लोग घर में जाकर पैसे की मांग की है कि पैसा दीजिए तब आपका बच्चा का जन्म प्रमाण पत्र बनेगा एवं बीसीजी का टीका लगेगा। इसके बाद कलीम ने पैसे देने से इंकार कर गया । और 14 दिनों तक बच्चे का ना ही प्रमाण पत्र मिला और ना हीं बीसीजी का टीका मिला। कलीम ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त से गुहार लगाया है कि कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में जो लूट हो रही है इस पर कार्रवाई करते हुए रोकने की कृपा किया जाए ।उसने कहा कि गरीब व्यक्ति निजी क्लीनिक में नहीं जाता है कि वहां पर हम लुट जाएंगे एवं आर्थिक स्थिति बदतर हो जाएगी, जिसके कारण सरकारी अस्पताल में प्रशव या अन्य तरह की बीमारी को लेकर जाते हैं लेकिन वर्तमान समय में कान्हा चट्टी के स्वास्थ्य केंद्र में निजी क्लीनिक से भी ज्यादा लूट मची हुई है। यदि इस पर रोक नहीं हुई तो आने वाले दिनों में सरकारी अस्पताल से लोगों का मोहभंग हो जाएगा। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में लूट की छूट लगभग सभी विभागों में मिली हुई है। जिसका उदाहरण है कन्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र। गरीब को सरकारी अस्पताल में जाने से भी अब डर लगने लगी है श्री सिहा ने कहा कि इस कार्य में केवल एनएम दोषीवार नहीं है स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा प्रभारी भी दोषी वार है। उन्होंने उपायुक्त से चिकि. कत्सा प्रभारी सहित एन एम पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## प्रतापपुर मे भाजपाईयो ने मनाया भाजपा का 42 वीं स्थापना दिवस समारोह, किया नगर भ्रमण

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रखंड के देवी मंडप के प्रांगन में बुधवार को भा. जपाईयो ने भाजपा का 42 वीं स्थापना दिवस समारोह हर्सोल्लास व धूमधाम से मनाया ।इस को लेकर एक कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौण्डिक व महामंत्री सतेन्द्र पासवान के नेतृत्व मे आयोजित किया गया ।मौके पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री व भाजपा के संस्थापक अटल बिहारी बाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया।मौके पर वक्ताओं मे मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौण्डिक, महामंत्री सतेन्द्र पासवान, निर्मल राम,कलेन्द्र कुमार ,सुरेश प्रसाद, गजेन्द्र प्रसाद,प्रमोद माथुर,सन्मुख यादव, मिथलेश ठाकुर, सकलदेव प्रजापति, आनन्दी साव,आशुतोष कुमार,रोहित गुप्ता,रबिन्द्र कुमार,गौतम सिंह, बिपिन मालाकार, विजय यादव, शुभम कुमार,संदीप पासवान झुरी,प्रमोद साव,गोलु कुमार समेत कई अन्य ने बताया कि पुरे देश मे भाजपा रा. जनीतिक सबसे बडी व सशक्त है।आज पुरे देश में भाजपा की 42 वीं स्थापना दिवस समारोह मनायी जा रही है।देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो को जन जन तक पहुंचाना हम भाजपाईयो का पहला उद्देश्य है।पार्टी के केन्द्र एवं प्रदेश के निर्देश पर भाजपा के स्थापना दिवस समेत एक पखवाडा मे कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।पार्टी के निर्देश पर बुधवार के पुरे प्रखंड के पंचायतो, गांवो व बुथों पर भाजपाईयो ने 5000 भाजपा के झंडे को अपने घरो ,छतो पर लगाने का काम किया है ।सेवा समर्पण में गरीबो,असहायो,एवं मरीजो को सहयोग किया जाएगा ।साथ ही इस पखवाडा में स्वच्छता अभियान चलाकर सरकारी भवन,मंदिरो,विद्यालयो में सफाई अभियान चलाई जाएगी। इसके बाद समारोह मे शामिल भा. जपाई ने देवी मंडप से भा. जपा के झंडे लेकर जुलूस के रूप में पुरे नगर का भ्रमण किया।तथा महावीर मंदिर के समीप भाजपाईयो ने भारतीय जनता पार्टी जिन्दा बाद,अटल बिहारी बाजपेयी अमर रहे सहित कई नारे लगाये।

## काम के दौरान विष्णुगढ़ के मजदूर की नासिक में मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


मृतक के परिजन

विष्णुगढ़ के मजदूर की मौत महाराष्ट्र के औ. रंगाबाद जिले के नासिक में कार्यस्थल पर हो गई। मजदूर नाथो सिंह (39) पिता टीभा सिंह बेड़ा हरियारा पंचायत अंतर्गत बादी खरना चलनियां के रहने वाले थे। बताया जाता है कि वे नासिक में सीएनजी गैस पाइप लाइन में बतौर मजदूर कार्यरत थे। बीते सोमवार को प्रत्येक दिन की भांति वे काम करने के लिए साइट पर थे। इसी बीच हाइड्रा की चपेट में आने से वे बुरी तरह घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। परिजनों को घटना की सूचना मिलते ही रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक मजदूर की पत्नी ललिता देवी रोते-रोते बार-बार अचेत हो जा रही थी। मृतक अपने पीछे बूढ़ी मां, पत्नी समेत तीन बेटियां गोलकी कुमारी (16), रूपी कुमारी (12), बुधनी कुमारी (09) एवं एकलौते दूधमुंहे पुत्र शिवज सिंह (02) को छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि वे एक साल पूर्व काम करने के लिए नासिक गए थे। उन्हीं की कमाई से परिवार का पालन-पोषण होता था। गांव वालों को घटना की सूचना मिलते हीं कई लोग उनके परिजनों को ढ़ाढ़स देने पहुंचे। घटना को लेकर प्रवासी मजदूरसेवी सिकंदर अली ने भी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कंपनी से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा देने की मांग की है। कहा है कि रोजगार के अभाव में इलाके के कई मजदूर अन्य राज्यों में काम करने जाते हैं। राज्य समृद्ध होकर भी यहां के निवासी गरीब हैं। सरकार को इसका हल निकालना चाहिए। इलाके से मजदूरों का पालन रोकने के लिए आवश्यक उद्योग-धंधों की व्यवस्था करनी चाहिए।


मृतक नाथो सिंह की फाइल फोटो

## 15 दिनों के अन्दर पीएम आवास की ढलाई कार्य पूर्ण करे लाभुक नही तो किया जाएगा एफआईआर,किया जाएगा सरकारी राशि की रिकभरी बीडीओ मूरली यादव

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रखंड के विभिन्न पंचायतो, गांवों में पीएम आवास के सैकडो लाभुको के द्वारा पीएम आवास की राशि लेकर आवास के कार्य में लापारवाही बरतते हुये आवास को पूर्ण नही किये हैं,तथा लाभुक के द्वारा अपने पीएम आवास को अधुरा छोड दिया गया है ।इसको लेकर बुधवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर बीडीओ मूरली यादव ने बभने पंचायत के मुखिया उमेश रबिदास पंचायत सेवक ,अ०परेटर, पीएम आवास समन्वयक व अन्य कर्मियो के साथ लाभुको के द्वारा पीएम आवास को पूर्ण कराने के लिए एक अभियान चलाया ।इस मौके पर बीडीओ ने बभने पंचायत के प्रतापपुर देवी मंडप रोड,बभने,सोनबर्षा,रबदा,गुरिया सहित दर्जनो गांव के लाभुको से सम्पर्क किया, और उन्हें 15 दिनों के अन्दर अर्धनिर्मित व बिना ढलाई किये गये पीएम आवास को ढलाई कर पूर्ण करने का निर्देश दिया ।साथ ही कहा कि यदि 15 दिनों के अंदर अधुरे व बिना ढलाई के पीएम आवास को पूर्ण नही किया गया तो हर लाभुकों पर एफआईआर दर्ज करते हुये कानूनी कारवाई कर सरक. ारी राशि की वसुली किया जाएगा ।जिन लाभुको का पीएम आवास को बीडीओ ने बुधवार को निरीक्षण कर आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया उनमें इन्दर राम,बसंत राम,संतोष राम,अरूण राम,अनिल राम,मिठु राम सहित दर्जनो लाभुक शामिल हैं ।बता दे कि मंगलवार को सभागार भवन मे बीडीओ में वितीय वर्ष 2016- लेकर 20-21 के अधुरे पीएम आवास तथा पेंडिग पीएम आवास को पूर्ण कराने को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक किया गया था ।ि. जसमे सभी 18 पंचायतो मे अभियान चलाकर अधुरे व पेंडिग पीएम आवास को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गावां में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड के किसनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी का 42 वां स्थापना दिवस भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के ध्वज का झंडोत्तोलन किया गया। उसके बाद उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एलईडी टीवी पर यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा कार्यकर्ताओं की उद्बोधन को भी सुना। मंडल महामंत्री श्री विनोद मिस्टकार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गावां के सभी पंचायत में पार्टी के बूथ स्तर के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों पर भारतीय जनता पार्टी के झंडे को लगाया एवं पार्टी कार्यालय में सभी लोगों ने सामूहिक रुप से उपस्थित होकर पार्टी का झंडा तोलन किया एवं माननीय प्रधानमंत्री के उद्बोधन को भी सुना। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रतिनिधि भगवान दास बर्णवाल, आनंद कुमार पांडे, अनिल माली , सोनू कुमार, वीरेंद्र प्रसाद यादव आदि दर्जनों कार्यकर्ता कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## अवैध उत्खनन मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां थाना क्षेत्र के गावां वन क्षेत्र में कर रहे अवैध माइका उत्खनन व्यवसाई को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार को गावां थाना क्षेत्र के जमडार पंचायत के मुड़गढ़वा जंगल में उत्खनन के दौरान चाल धसने से दो की मौत हो गई थी, वही महिला समेत 4 लोग घायल हो गए थे। उसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में जांच पड़ताल कर गावां थाना प्रभारी पिन्टू कुमार ने बुधवार को संभू यादव को गिरफ्तार कर धारा 304/34/21 इंडियन फॉरेस्ट एक्ट के तहत प्राथ. मिक दर्ज कर जेल भेज दिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामनगर बरमसिया में भाजपा का 42 वां स्थापना दिवस मनाया

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत मण्डल अध्यक्ष राजदेव साव के नेतृत्व में बरमसिया पंचायत मुखिया प्रेमचन्द कुशवाहा के आवास रामनगर में भाजपा का 42 वां स्थापना दिवस मनाया तथा सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा तोलन किया एवम प्रभात फेरी किया साथ ही साथ नरेन्द्र मोदी एवम सभी वरीय पदाधिकारियों का नारा लगाकर स्वागत किया प्रेमचंद मुखिया के आवास पर आज भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा टेलीविजन पर सभी कार्यकर्ताओं ने मन की बात को सुना साथ ही कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज हम सभी अपने-अपने घरों में छत के ऊपर भाजपा का झंडा लगाया इस कार्यक्रम में देवनाथ राणा,कैलाश पा. सवान,सूरज मोदी,आदित्य साव,तालेवर यादव,छत्रधारी दास,निर्मल साव,लक्ष्मण सिंह,जितेंद्र सिंह,किशुन राम,शंकर यादव,रामसहाय सिंह,सागर दास,सुकदेव दास, भुनेश्वर दास,विजय यादव,कैलाश पासवान, मुकेश यादव,छोटू यादव,दिलीप दास,सुभाष दास,अशोक दास आदि लोग उपस्थित थे ।

## मुखिया प्रतिनिधि शब्बीर आलम तेलोडीह, गिरिडीह यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस का जिला अध्यक्ष मनोनीत

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



झारखंड यूथ मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पत्र जारी करते हुए गिरिडीह ज़िला के तेलोडीह पंचायत के मुखिया प्रति. निधि शब्बीर आलम को गिरिडीह जिला युथ मो. मिन कॉन्फ्रेंस का जिला अध्यक्ष बनाया गया है,बता दें कि इससे पहले शब्बीर आलम युवा जिला अध्यक्ष के पद को संभाल रहे थे,इनके संतोषजनक कार्य को देखते हुए प्रदेश कमिटी द्वारा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर मोमिन सोसाइटी में खुशी की लहर है,इसी को लेकर आज शब्बीर आलम के घर पर चाहने वालों का बधाई देने के लिए तांता लग गया,लोग माननीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दिए,इसी कड़ी में करहरबारी पंचायत के मुखिया मुमताज अंसारी ने कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वालों को ही इतनी बड़ी उपाधि मिलती है,और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पद का बेहतर तरीके से निर्वाहन करेंगें ।वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अनवर अंसारी ने ,भी शुभकामनाएँ दी ।आपको बता दें कि शब्बीर आलम माननीय अध्यक्ष हमेशा से गरीबों यतीमों,बेसहारों, जरूरतमंदों असहायों के साथ खड़े रहते आ रहें हैं,वो समाज के हर वर्ग की सुख -दुख की घड़ी में कदम से कदम मिलाकर साथ चलते हैं,वहीं शब्बीर आलम ने प्रदेश अध्यक्ष एंव प्रदेश के समस्त सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस तरह से मुझे मोमिन युथ क०न्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है मैं अपनी ओर से इंशाअल्लाह पूरी निष्ठा पूर्वक संगठन के विश्वास पर खरा उतरने की को. शिश करूंगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से करहरबारी पंचायत के मुखिया मुमताज अंसारी, झा मु मो प्रखण्ड अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष अनवर अंसारी,झामुमो पंचायत अध्यक्ष मो0गुलजार,मो0 शमीम,मो0 कमरुद्दीन,मो0 यूसुफ,मो0 निशार,मो0 इमरान,मो0 अशफाक, मो0 कौसर सहित कई गणमान्य एंव बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## झारखंडी भाषा - खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले खेसरो विद्यालय प्रांगण में हुई बैठक

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के गादी पंचायत अंतर्गत संस्कृत उच्च विद्यालय खेसरो के प्रांगण में झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति की एक बैठक प्रेम तर्वे की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सव. सम्मति से गादी पंचायत को तीन ज०न में बाट कर लोगों को जिम्मेवारी दी गई और लोगों ने 24 अप्रैल को जयराम महतो के कार्यक्रम को सफल बनाने का एक सुर में संकल्प लिया। सभा का संचालन अरुण कुमार वर्मा ने किया ।इस सभा को संबोधित करते हुए राकेश कुमार ने कहा कि अलग रहिए विचारों से , जुड़े रहिए संस्कारों से । और संस्कार को परिभाषित करते हुए कहा कि हमारा संस्कार हमारी माटी, हमारी भाषा, संस्कृति,जल, जंगल,जमीन और खतियान है जिससे हमारी पहचान है और जो हमारी पहचान है वो हमारा अस्तित्व है और जो भी हमारे अस्तित्व को मिटाने की कोशिश करेगा उसे हम मुंहतोड़ जवाब देंगे सरकार अपनी गलत नीतियों से उन्हें ललकार रही है उसे माकूल जवाब देंगे और अगर सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति नहीं बनाती है तो कोई भी विधायक 2024 में विधानसभा नहीं पहुंचेगा । इस सभा को सफल बनाने में पंकज वर्मा,शंकर यादव,मयंक कुमार,विशाल वर्मा,महेंद्र वर्मा,बसंत वर्मा,जीतू,दिनेश यादव, ओमप्रकाश,अजय सिंह, पंकज तुरी, पवन कुमार, श्यामसुंदर,अरुण,गुरुदेव वर्मा, रामचंद्र महतो, विक्रम, विकाश,पवन आदि काफी संख्या में युवा शामिल रहे

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी की स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



स्थापना दिवस मनाते भाजपाई

भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो , महामंत्री सुमन गिरी कि संचालन में नयाटांड़ पंचायत भवन में एवं बड़कागांव पश्चिमी में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता तथा महामंत्री नरसिंह प्रसाद की संचालन में राम जानकी मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी की 42 वीं स्थापना दिवस मनाई गई ।कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के प्रमुख संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी वाजपेई जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि पार्टी का स्थापना छह अप्रैल 1980 को बीजेपी की स्थापना की गई थी। जनता पार्टी से अलग होकर एक ऐसे दल की नींव रखी गई जो भारतीय राजनीति में एक अलग राजनीति करने वाली पार्टी के रूप में विख्यात हुई। बीजेपी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे वहीं मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव ने कहा कि पार्टी के नितियों को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है आज के स्थापना दिवस पर हमें यह संकल्प लेना है मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, महामंत्री सुमन गिरी, उपाध्यक्ष अशोक साव, जिला सांसद प्रतिनिधि रामपति राम मंत्री बिनोद महतो, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, पंसस हेमंत महतो, मुखिया अशोक महतो, दशरथ चौधरी, चिंतामणि महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## बिपिन कुमार झारखंड युवा सदन के लिए हुए चयनित

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



झारखंड युवा सदन 3.0 के लिए बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र से सांढ़ गाँव के बिपिन कुमार का चयन हुआ है ।इण्टर आर्ट्स की परीक्षा में राज्य में छठी स्थान प्राप्त कर चुके है ।हाल ही में प०लिटिकल साइंस स्कैनर नामक पाँच पुस्तकों की रचना कर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी है। 14 से 16 मई तक रांची में आयोजित युवा सदन में वे शामिल होंगे। जिसमें वह अपने क्षेत्र के समस्याओं शिक्षित बेरोजगारी, प्रतिभा प्रवास,विस्थापन ,प्रदूषण व 1932 का खतियानी आंदोलन को झारखंड युवा सदन में प्रस्तुत करेंगे। युवा सदन में बिपिन का चयन होने से क्षेत्र और जिले के लोगों ने बधाई दी है।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## रतनाग में आपसी रंजिश में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, कई घायल एक रेफर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





प्रखंड के ग्राम रतनाग में आपसी रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। इस संबंध में एक पक्ष के घायलों में सुखदेव यादव ,सहदेव साव ,एवं सरजू साव, सहित अन्य घायलों ने बताया कि बुधवार अहले सुबह गांव के सार्वजनिक महुआ पेड़ से महुआ फल चुनने जा रहे थे की इसी बीच गांव के हरिजन समाज के कुछ लोगों ने उन पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया जिससे वे लोग घायल हो गए ।बाद में गांव वालों की मदद से राजकीय अस्पताल चौपारण लाया गया है ,घायलों में मुख्य रूप से सुखदेव यादव पिता स्वर्गीय हरि महतो, सहदेव साव पिता नामधारी साव , सरजू साव पिता खेमन साव गिरजा देवी पति टूकन साव संतोष गुप्ता पिता बालमुकुंद साव जिसे हेड इंजरी हुई है जिसे प्रा. थमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हालांकि दलित पक्ष से यमुना रविदास, राजू कुमार आदि ने लिखित आवेदन देकर मारपीट का आरोप लगाया है। जिसमे राजू कुमार रविदास, राजेश रविदास, यमुना रविदास, संजय कुमार, सारो देवी, सरोज देवी घायल अवस्था मे हज़ारीबाग रेफर कर दिया । इधर चौपारण पुलिस ने कार्यवाई करते हुए पहले पक्ष से चार लोगों को पुछताछ के लिए गिरफ्तार कर थाना ले आया है। वही थाना प्रभारी ने बताया कि जो सुचनाएं मिल रही है वह दो पक्षों में आपसी रंजिश में महुआ चुनने को लेकर मारपीट हुई है ,आवेदन के आलोक में जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## बिरनी थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना परिसर में बुधुवार को रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई ।इस बैठक का अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिक. ारी नोशाद आलम कर रहे थे। और संचालन बिरनी के पूर्व थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह ने किया। पूर्व थाना प्रभारी ने संचालन करते हुवे। विभिन्न क्षेत्रों से आये मुखिया, पंचायत समिति प्रतिनिधि,सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रति. निधि और ड०क्यूरेसशन के संचालकों ने रामनवमी कैसे मनाया जाए। प्रशासनिक पदाधिकारियों से विचार लिए ।वही अनुमंडल पुलिस अधिकारी नोशाद आलम ने सरकार के गाइडलाइन को बातया। जिसमें एक जुलूस में 100 लोग शामिल हो सकेंगे,जहाँ पे जुलूस झंडा मिलन होता है वहाँ 1000 लोग शामिल हो सकेंगे,डीजे साउंड पर भड़काऊ गाने अश्लील गाने पर पूरी तरह से प्रति. बंधित रहेगा ।साथ मे कोरा. ेना को देखते हुए लोगो को सैनिटाइजर का प्रयोग करने को कहा। वही अनुमंडल पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरे बिरनी में 40 लाइसेंसी झंडा है, वही 70 गैर लाइसेंस है ।इस शान्ति समिति की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अनुमंडल पदाधिकारी नोशाद आलम, डी के सिंह, बिरनी थाना के नए थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, पूर्व थाना प्रभारी शर्मानंद सिंह, एस आई बिपिन कुमार, प्रमुख प्रति. निधि मनोज सिंह,बिस सूत्री अध्यक्ष अतिवारी महतो,विधायक सीताराम सिंह,सांसद प्रतिनिधि मनोहर राम,नारायण पांडेय, मुस्तकीम अन्सारी, राजू अन्सारी, मजीद आलम,रामु बैठा सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

## बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से भाजपा ज़िला कार्यालय में मनाई गई स्थापना दिवस

### भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी नेताओं ने अपने घरों में सम्मान पूर्वक फहराया पार्टी का झंडा

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज बुधवार को भाजपा के जिला कार्यलय में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ भाजपा का 42वे स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा ज़िला कार्यलय में जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप वर्मा, झारखन्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव और झारखंड प्रदेष उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने संयुक्त रूप भाजपा का झंडोतोलन किया। राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानते हुए भारतीय संस्कृ ति के अनुरूप सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास की सोच रखते हुए सेवा ही धर्म है की सोच के लेकर चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 42वें स्थापना दिवस पर जिले के भाजपा ने. ताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अपने अपने घरों में पार्टी (भाजपा) का झंडा पूरे सम्मान के साथ फहराया। वहीं इस अवसर पर भाजपा के जिला कार्यालय में भी पार्टी का झंडा लगाया गया। मौके पर काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में मौजूद थे। इस दौरान पार्टी नेताओं ने राष्ट्रनिर्माण, अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय के अनुरूप चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी रा. जनीतिक पार्टी भाजपा के स्थापना दिवस और नवरात्रि पर्व की पर एक दूसरे को बधाई दिया। साथ ही आने वाले महारामनवमी पर्व की भी शुभकामना दिया।

## अंतर्राजीय लुटेरा गिरोह के विरुद्ध चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### लूट के चार बाइक के साथ लुटेरे भी गिरफ्तार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**





चतरा : अंतर्राज्यीय लूटेरा गिरोह के विरुद्ध चतरा पुलिस की बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई ।एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शातिर अपराधी कैलू पा. सवान का राईट हैंड लक्ष्मण पासवान समेत गिरोह के चार अपराधी डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित हंटरगंज थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई की है ।हंटरगंज थाना क्षेत्र के खुटेरा-सुग्गी मुख्य पथ से चारो लूटेरो की गिरफ्तारी हुई है ।ऊक्त लुटेरों के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल,.315 बोर का दो जिंदा कारतूस, 7.62 एमएम का एक जिंदा कारतूस, विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल फोन, झारखंड-बिहार के अलग-अलग जिलों से लूटे गए चार मोटर साईकिल, गोली का फायर किया गया तीन खोखा व 45 सौ रुपया नगद बरामद किया गया है ।बुधवार को एसडीपीओ अविनाश कुमार प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की पुष्टि की है। दो दिन पूर्व गिरोह के अपराधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से कार्रवाई करने पर दी थी पुलिस को गंभीर परिणाम भुगतने की चेता. वनी। झारखंड-बिहार के सीमावर्ती इलाकों में देते थे लूट की घटना को अंजाम। अभियान में प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम, पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय व थाना प्रभारी सचिन दास समेत पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान थे शामिल।

